अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में आंतरिक शिकायत समिति के बैनर तले व्याख्यान का आयोजन

आज दिनांक 7 मई 2025 अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में 2025 को आंतरिक शिकायत समिति के बैनर तले महाविद्यालय प्रधान श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता, महासचिव श्री दिनेश कुमार गुप्ता एवं कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के कुशल नेतृत्व में जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया । इस अवसर पर विशेषज्ञ वक्ता के रूप में डॉ नीरू गुप्ता, कार्यवाहक प्राचार्या अग्रवाल कॉलेज ऑफ़ लॉ, बल्लबगढ़ ने **भारत में साइबर अपराध और कानूनी उपचार** विषय पर व्याख्यान दिया। व्याख्यान के शुभारंभ में पीठासीन अधिकारी आई सी सी डॉ. शोभना गोयल ने अथिति वक्ता को पौधा भेंट कर स्वागत किया। व्याख्यान का उद्देश्य विधार्थियों को डिजिटल दौर में ऑनलाइन माध्यम से होने वाली ठगी व इससे बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी देना था । उन्होंने बताया कि मोबाइल नंबर या ईमेल पर आने वाले वन टाइम पासवर्ड किसी के साथ सांझा नहीं करना चाहिए। लोक-लुभावने विज्ञापनों को नजरंदाज करना चाहिए। साइबर क्राइम होने पर 1930 टोल फ्री नंबर पर संपर्क करना चाहिए। इस व्याख्यान से महाविधालय के 30 विद्यार्थी लाभान्वित हुए । व्याख्यान का समापन आंतरिक शिकायत समिति मेंबर सुभाष कैलोरिया के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यशाला को सफल बनाने में आंतरिक शिकायत समिति सदस्य डॉ. डिंपल व मैडम शैली मालिक का बहुमूल्य योगदान रहा।

आज ही के दिन महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के द्वारा विश्व एथलेटिक्स दिवस भी मनाया गया जिसके अंतर्गत जैवलिन थ्रो, शॉर्टपुट, डिस्कस थ्रो, हाई जंप व लॉन्ग जंप की प्रतियोगिताएं भी कराई गई। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागअध्यक्ष डॉ जगबीर सिंह ने विद्यार्थियों को स्वस्थ रखने में खेलों की भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि विकसित भारत का सपना युवाओं के हाथ है और एक स्वस्थ युवा ही स्वस्थ और विकसित भारत का निर्माण कर सकता है ।